# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार तथा लोगों के बीच मज़बूत साझेदारी ज़रूरी है।
2. इंडिया एआई मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा है कि वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर होने वाली चर्चा को ठोस परिणामों में बदलना है।
3. अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।
4. खेल और युवा मामले विभाग द्वारा सभी आयु वर्गों के लिए मुफ्त लॉन टेनिस कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिए हर नागरिक की भागीदारी और सरकार तथा लोगों के बीच मज़बूत साझेदारी ज़रूरी है। वह आज विजयवाड़ा में बीजेपी की आंध्र प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित विकसित भारत बजट 2026–27 पर एक प्रेस मीट में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अब ऐसा देश बन गया है जो दुनिया से मदद मांगने के बजाय, दुनिया अब उसकी तरफ देखती है। उन्होंने देश की पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा के विकास पर भी ज़ोर दिया, और कहा कि यह भारत की बढ़ती रिसर्च क्षमता को दिखाता है और गंभीर सांस की बीमारियों के इलाज में मदद करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा पर, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्तिगत रूप से प्रमुख रक्षा मामलों की देखरेख करते हैं और निर्णायक नेतृत्व प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शासन में टेक्नोलॉजी के आने से सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता और गति में सुधार हुआ है, जिसमें डिजिटल इंडिया ने एक बड़ी भूमिका निभाई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत मेडिकल रिसर्च, बायोटेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रहा है, जिससे उसकी वैश्विक स्थिति मज़बूत हो रही है।

<><><><><><><>

इंडिया एआई मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी–सीईओ अभिषेक सिंह ने कहा है कि आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई पर होने वाली चर्चा को ठोस परिणामों में बदलना है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से नागरिकों, विशेष रूप से विकासशील देशों के नागरिकों को लाभ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शासन, स्टार्टअप, सेवाओं और रोजगार में एआई के उपयोग के उदाहरण प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सम्मेलन तकनीकी बहसों से आगे बढ़कर एआई के व्यावहारिक और जन–केंद्रित अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करेगा। एआई के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहले से ही देश में लोगों के जीवन को बदल रहा है और अब ध्यान जन–हित पर केंद्रित हो गया है। यह कार्यक्रम नागरिकों और क्षेत्र विशेषज्ञों के बीच सीधे संवाद को सक्षम बनाता है, जिससे जागरूक भागीदारी और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उत्तरदायी उपयोग को बढ़ावा मिलता है।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने कहा है कि केन्द्रीय बजट देश के सकल घरेलू उत्पाद और उत्पादन को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, गरीबों और वंचितों के उत्थान, युवाओं को सशक्त बनाने और महिला नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। पुडुचेरी में उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं को केंद्र में रखा गया है और इसका उद्देश्य राष्ट्र को विकास के अगले स्तर तक ले जाना है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पथरगड्डा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पॉक्सो अधिनियम, 2012 और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव राशिद आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सत्र का संचालन अधिवक्ता अनुष्का सिंह और के. भवानी द्वारा किया गया। इन विशेषज्ञों ने बच्चों के अधिकारों और उन्हें मिलने वाली कानूनी सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच का अंतर बेहद सरल और आयु–अनुकूल तरीके से समझाया गया। छात्रों की समझ को और गहरा करने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तैयार किया गया एक जागरूकता वीडियो भी दिखाया गया, जिसमें बच्चों की सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया था। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव

वी. डी. शिवा बालन (अधिवक्ता) और प्रधानाचार्य ए. राजा मार्तंडम भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने हाल ही में कृषि विज्ञान केंद्र, सिप्पीघाट के प्रशिक्षु किसानों और CIARI की शुकर इकाई के लिए एक क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया। यह दौरा डॉलीगंज स्थित 'डेमोन्स्ट्रेशन कम ट्रेनिंग सेंटर डेयरी फार्म' के अंतर्गत सरकारी सुअर फार्म और 'पशुधन फार्म परिसर' के सरकारी चारा प्रशिक्षण सह प्रदर्शन फार्म में आयोजित किया गया। किसानों को फार्म का भ्रमण कराने के साथ ही दैनिक प्रबंधन, के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए संतुलित आहार और चारे के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस दौरे में कुल 25 किसानों ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व KVK सिप्पीघाट के डॉ. जकारिया जॉर्ज और CIARI के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश बाला ने किया।

<><><><><><>

उत्तरी अंडमान में बुनियादी ढांचे के विकास को एक बड़ी गति देते हुए, प्रशासन ने दस दशमलव आठ करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति और व्यय की मंजूरी प्रदान की है। यह मंजूरी "राज्य राजमार्ग–15 के सुभाषग्राम बाजार से लक्ष्मीपुर तक के सुधार कार्य के लिए दी गई है। राज्य राजमार्ग–15, जो डिगलीपुर तहसील की जीवनरेखा है, डिगलीपुर बाजार को हाथीलेवल से जोड़ता है। यह सड़क कई बस्तियों, स्टोन क्वारी ब्लॉकों और 'मड वोल्केनो' जैसे पर्यटन स्थलों को सेवा प्रदान करती है। पिछले कुछ वर्षों में, भारी यातायात, जलभराव और किसी बड़े सुधार कार्य के अभाव के कारण इस सड़क की स्थिति खराब हो गई थी, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हो रही थी। यह कार्य अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा निष्पादित किया जाएगा और इसे 10 महीने के भीतर पूरा किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण मंजूरी कनेक्टिविटी, यात्रा की सुविधा, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी।

<><><><><><>

कल सुबह पांच बजे से आठ बजे तक सेलुलर जेल रोड से कॉर्बिन्स कोव तक मैराथन का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट, द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस दौरान सेलुलर जेल रोड से कॉर्बिन्स कोव तक का मार्ग सुबह 05:00 बजे से 08:00 बजे तक सभी यातायातों के लिए बंद रहेगा।

<><><><><><>

खेल और युवा मामले विभाग द्वारा सभी आयु समूहों के लिए मुफ्त लॉन टेनिस कोचिंग क्लास आयोजित की जाएंगी। यह कक्षाएं 11 फरवरी से नेताजी स्टेडियम के सामने लॉन टेनिस कोर्ट में सुबह साढ़े पांच बजे से सात बजे तक रोजाना आयोजित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य खेल संस्कृति, शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और सभी आयु वर्ग के नागरिकों के बीच लॉन टेनिस में भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा कार्यलय द्वारा आयोजित इंटर प्राइमरी स्कूल फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट टूर्नामेंट, आज गर्ल्स ग्राउंड और भातू बस्ती स्कूल मैदान में छठे दिन भी जारी रहा, जिसमें साउथ अंडमान ज़ोन के विद्यार्थियों ने  दर्शकों के सामने दृढ़ संकल्प, कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए ज़ोरदार मुकाबला किया। लड़कों के वर्ग में भातू बस्ती स्कूल मैदान में आज सात मैच खेले गए, जबकि लड़कियों के वर्ग में आज पांचवा दिन का मैच खेला गया। जिसमें कुल छ मैच खेला गया।

<><><><><><><>